हिन्दुस्तान
मंगलवार, 15 अक्तूबर 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com
PAGE NO. 8: MIDDLE

जीआरएम, एयरफोर्स ने जीते अपने मैच

क्रिकेट

बरेली। श्री राममूर्ति मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को पहला मैच जीआरएम स्कूल और सेक्रेड हार्ट के बीच खेला गया। जीआरएम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। सेक्रेड हार्ट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 103 रन बनाए। चिराग ने 41 और गौतम ने 23 रनों का योगदान दिया। जीआरएम स्कूल की ओर से नितिन जोशी और अभिषेक ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआरएम स्कूल की टीम शिवम अग्रवाल के शानदार प्रदर्शन से 19.5 ओवर में मैच जीत लिया। शिवम अग्रवाल ने 24 रनों का योगदान दिया और दो विकेट भी लिए। मैन ऑफ द मैच शिवम अग्रवाल को मिला। दूसरा मैच एयरफोर्स और बीबीएल स्कूल के बीच खेला गया। बीबीएल की पूरी टीम अभिनव झा और अभय यादव की शानदार गेंदबाजी के आगे 15.2 ओवर में 87 रन पर सिमट गई। बीबीएल की ओर से वीर ने 19 और निशांत पटेल ने 13 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एयरफोर्स की टीम ने 9.3 ओवर में मैच जीत लिया। बीबीएल के देवांश यादव ने 3 विकेट लिए। अभिनव झा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।